## तोड़फोड़ कर दूसरी बस से भाग रहे थे नागपुर के युवक, उमरानाला पुलिस ने किया गिरफ्तार

# नशे में युवकों ने की तोड़फोड़, 11 युवकों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



जिले में अपराधों की संख्या में निरंतर बढोत्तरी हो रही है। लोग अपराध करने में जरा भी गुरेज नहीं कर रहे है, वहीं पुलिस भी अपनी कार्रवाई कर रही है और अपराधियों को दबोचने का पूरा प्रयास कर रही है। ऐसे ही 11 अपराधियों पर पुलिस ने नकेज कंसने में कामयाबी हासिल की है।

उमरानाला चौकी अंतर्गत बीती रात नागपुर के कुछ युवकों द्वारा बस चालक सहित एक ढाबा संचालक से मारपीट की घटना सामने आई है। वहीं घटना को अंजाम देकर उक्त युवक मौके से भागने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन उमरानाला पुलिस की सूझ-भुझ के चलते इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी में उमरानाला चौकी प्रभारी पारसनाथ आर्मो ने बताया कि संजय पिता दिवाकर राउत निवासी बरारीपुरा (छिंदवाडा) ने रिपोर्ट किया कि मै राहुल बस में परिचालक का काम करता हु बीती रात चालक सलीम खान के साथ भुरा भगत मेला से नागपुर की सवारी भरकर नागपुर जा रहे थे, रास्ते में बस में सवार कुछ लडके आरोपीगण तुषार कनोजिया, पीयूष ग्वालवंशी, प्रदीप तसरे तीनो निवासी नागपुर (महाराष्ट्र) एवं अन्य 08 साथी द्वारा बार-बार बस रूकवाने के लिये विवाद कर रहे थे, शाम करीबन 07:15 बजे उमरानाला के पास अंजनी बाबा फैमिली ढाबा में खाना खाने के लिये बस रोके तभी आरोपी तुषार कनोजिया ने चालक सलीम खान एवं मेरे से शराब पीने के लिये पैसे मांगा, पैसे देने से मना करने पर आरोपीगण (1) पीयूष पिता सूरज ग्वालवंशी उम्र 19 वर्ष (2) तीजेंद्र पिता लल्लू पटेल उम्र 19 वर्ष (3) शुभम पितानंद किशोर गुर्जर उम्र 30 वर्ष (4) सचिन पिता दिना छोले उम्र 24 वर्ष (5) अभिषेक पितानंद किशोर गुर्जर उम्र 28 वर्ष (6) अभिजीत पिता राज किशोर ठाकुर उम्र 22 वर्ष (7) शुभम पिता शेखर तायडे उम्र 26 वर्ष (8) योगेश पिता उत्तम गिरी उम्र 40 वर्ष (9) मनोज पिता प्रमोद सांडे उम्र 29 वर्ष निवासी सभी निवासी इंदिरा जाट तरौडी गली नंबर-2 थाना इमामबाड़ा नागपुर (महाराष्ट्र) (10) प्रदीप पिता धर्मपाल तसरे उम्र 27 वर्ष निवासी चिमनी चौक अंजनी बुद्ध विहार के पास थाना अंजनी नागपुर (महाराष्ट्र) (11) तुषार पिता प्रकाश कनौजिया उम्र 22 वर्ष निवासी इंदिरा नगर भूरा मैदान अंजनी थाना इमामबाड़ा(महाराष्ट्र) द्वारा मां-बहन की गंदी गंदी गालीयां देकर हाथ-मुक्के से मारपीट किये एवं पत्थर से बस के आजू-बाजू की खिडकियां की कांच तोड -फोड कर दिये, रिपोर्ट पर अपराध क्र 79/25 धारा 296, 315(2), 119, 191(2), 190, 324(4) bns का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।सिल्लेवानी से दबोचे गए युवकदेर शाम अज्ञात युवकों द्वारा उमरानाला के ढाबे में तोड़फोड़ और मारपीट की सूचना जैसे ही उमरानाला चौकी पुलिस को लगी, तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर कार्यवाही शुरू की गई। आरोपियों द्वारा मारपीट कर दूसरी बस से नागपुर की तरफ भागने का प्रयास किया जा रहा था।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश आगमन से पूर्व किया अभिनंदन

**छिन्दवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मध्यप्रदेश आगमन से पहले उनका हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 23 फरवरी को अपरान्ह में भोपाल पहुंचेगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी 24 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट- 2025 का शुभारंभ करेंगे। जीआईएस और प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रदेश दौरे की सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि वे स्वयं प्रधानमंत्री श्री मोदी की अगवानी करने के लिए छतरपुर जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी बागेश्वर धाम जाकर वहां जटाशंकर महादेव के दर्शन पूजन के बाद कैंसर अस्पताल का भूमि-पूजन करेंगे।

### एक्सिस बैंक के प्रतिनिधियों ने की सौजन्य भेंट

**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से रविवार को आईटीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं भारतीय उद्योग परिसंघ (कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज - सीआईआई) के प्रेसिडेंट श्री संजीव पुरी, सीआईआई के डायरेक्टर जनरल श्री चंद्रजीत बैनर्जी, रीजनल डायरेक्टर श्री राजेश कपूर एवं श्री अनिरुद्ध चौहान ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में सौजन्य भेंट की। इस दौरान औद्योगिक विकास और परस्पर व्यापारिक सहयोग से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से एक्सिस बैंक, मुंबई के वाइस प्रेसिडेंट श्री संदीप ओतुरकर व अन्य अधिकारियों ने भी समत्व भवन में ही मुलाकात की। बैठक में वित्तीय क्षेत्र में सहयोग और प्रदेश में बैंकिंग सुविधाओं के आवश्यकतानुसार विस्तार पर विचार-विमर्श किया गया।

### डेवलपिंग सिटीज ऑफ टुमॉरो' पर संवाद

**छिंदवाड़ा।** राजधानी भोपाल में 24-25 फरवरी को श्यामला हिल्स स्थित राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट में 25 फरवरी (मंगलवार) दोपहर 2 बजे से अर्बन समिट का आयोजन होगा। इसमें शहरी विकास से जुड़ी प्रमुख नीतियों और निवेश के अवसरों पर चर्चा की जाएगी।

## पांच दिवसीय यूनाइटेड हेल्थ वर्कर्स डॉक्टर्स टीम ने दी निः शुल्क स्वास्थ सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जन्नत क्लीनिक एवम जैन समाज मोहखेड़ के सौजन्य से डॉ.मजीद खान जन्नत रानी खान की स्मृति में नि शुल्क स्वास्थ परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे देश प्रदेश से आए हुए श्रद्धालु एवम मोहखेड़ ग्राम के ग्रामीण जन ने अपना स्वास्थ परिक्षण कर नि शुल्क दवा प्राप्त किए दवाई का वितरण जन्नत क्लीनिक के सौजन्य से हुआ कैंप 5 दिवसीय 15 फरवरी से 19 फरवरी तक हुआ जिसमे मंगल सानिध्य परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 सुप्रभासागर जी मुनिराज महाराज का आगमन हुआ जिसमे एचपी पेट्रोल पंप मोहखेड़ के पास में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंच कर महाराज जी का आशीर्वाद ले रहे थे उसी दौरान यूनाइटेड हेल्थ वर्कर्स जिला छिंदवाड़ा के डॉक्टर्स हेल्थ वर्कर्स ने अपनी सेवाए निः स्वार्थ भाव से दी जिसमे लगभग 50 चिकित्सक एवम हेल्थ वर्कर्स, नेमा क्षार सूत्र संस्थान, पेंचवेली पैरामेडिकल साइंस कॉलेज छिंदवाड़ा ने अपनी सेवाए दी लगभग 2000 लोगो को स्वास्थ लाभ लिया सेवा देने वाले डॉक्टर्स प्रदेश अध्यक्ष डॉ सोयल खान, प्रदेश सचिव डॉ.नरेंद्र सोनी, जिला अध्यक्ष डॉ.मीरा पारडकर, डॉ.आशीष अग्रवाल, डॉ.पवन नेमा, डॉ.स्वाति श्रीवास्तव, डॉ.शबाना यास्मीन, डॉ.अन्नपूर्णा कोलारे, डॉ.दीपक चौरसिया, डॉ.संजय फर कारे, डॉ.राकेश पवार, डॉ.रामकुमार आमगोरिया, डॉ.दीपक ठाकुर, डॉ.संजय विश्वकर्मा, डॉ.नेहा सिंह, डॉ.पवन विश्वकर्मा, समेत समाज सेवी सुश्री अर्चना लोखंडे, अल्का शुक्ला, भारती साहू,अर्चना माहोरे,अखिल सुरवंशी, अजय सुरवंशी, राजेंद्र साहू, महिमा डोबले, शिवानी सोनुले, मोहित नागोतिया, नीलेश (टिंकू)जैन, नवीन जैन, ऋषभ जैन, समस्त जैन समाज मोहखेड़ का सहयोग प्राप्त हुआ जन्नत क्लीनिक के संचालक डॉ. सोयल खान ने कैंप में पधारे समस्त डॉक्टर्स ,हेल्थ वर्कर्स, समाज सेवी संस्था का श्रम दान देने पर आभार व्यक्त किया

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुनी मन की बात

**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देशवासियों से आत्मीय संवाद के अनुक्रम में 'मन की बात' के 119वें एपिसोड का रविवार को सजीव प्रसारण हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) के निज कार्यालय कक्ष से प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात प्रसारण का श्रवण किया। मन की बात के इस एपिसोड में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उत्तराखंड में हाल ही में सम्पन्न हुए राष्ट्रीय खेलों का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें देशभर के 11 हजार से अधिक एथलीट्स ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में इस आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरूप को पेश किया। उन्होंने इन खेलों में हुए कुछ यादगार प्रदर्शनों की भी चर्चा की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश के 19 साल के पोल वाल्टर श्री देव कुमार मीणा की सराहना करते हुए कहा कि देव कुमार ने साबित किया है कि भारत का खेल भविष्य बेहद प्रतिभावान पीढ़ी के हाथों में है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों ने हमें यह भी दिखाया है कि कभी हार न मानने वाले 'जीतते' जरूर हैं।

## रात भर रेत का उत्खनन, सुबह-सुबह हो रहा परिवहन

### भगवान घाट और लोहांगी में जारी है रेत का अवैध कारोबार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

प्रशासन लाख कोशिशें कर लें , पर अवैध काम करने वाले बाज नहीं आने वाले । कोयलांचल के लोहांगी क्षेत्र में जाने के बाद ऐसा ही लगता है । यहां ग्राम पंचायत लोहांगी और भगवान घाट से रेत का अवैध कारोबार बेखौफ चल रहा है । यहां नदी से रात भर रेत निकाली जा रही है और सुबह - सुबह ट्रेक्टरों के द्वारा परिवहन किया जा रहा है ।रावनवाड़ा - शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोहंगी में रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है । इस काम को करने वाले प्रशासन की कमजोरी को भंली - भांति जानते हैं । इसलिए रात के अंधेरे में रेत निकली जाती है और अल सुबह से 09 -10 बजे तक इसका परिवहन कर अलग - अलग स्थानों और खेतों में भंडारित किया जाता है । क्योंकि वह जानते हैं कि प्रशासनिक अधिकारी सुबह 10 के बाद ही सक्रिय होते हैं इससे पहले ही वह मौका देखकर धीरे - धीरे भंडारित रेत का विक्रय करते हैं । उनकी इस करतूत से प्रशासन को न केवल राजस्व का नुकसान हो रहा है बल्कि प्रशासन की साख पर बट्टा लग रहा है । इसके अलावा जो लोग नियमानुसार रेत का ठेका लेकर काम कर रहे हैं उन्हें भी नुकसान हो रहा है ।

## सौंसर में हुआ श्री सांई बाबा के दिव्य चरण पादुकाओं का आगमन

**सौंसर।** रविवार को दोपहर नगर गावडे कॉलोनी स्थित श्रीसाईंबाबा मंदिर में श्री शिर्डी साईबाबा की दिव्य चरण पादुकाओं का आगमन हुआ। पांढुर्णा की ओर से आई श्री साईं बाबा की चरण पादुकाओं के दर्शन प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग ओर श्रीसाईं बाबा मंदिर परिसर में साई भक्तों का जमावड़ा लगा हुआ था। श्री साईबाबा के चरण पादुकाओं के



आगमन पर सौसर विधायक विजय चौरे,आनंद बंक्षी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मण चाके, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुनील भांगे,संजय ठाकरे आदि के द्वारा चरण पादुकाओं को प्रणाम एवं पुष्प अर्पित कर समस्त क्षेत्रवासियो के सुख,शांति, समृद्धि की कामना की। साई बाबा की दिव्य चरण पादुका यात्रा के आगमन पर श्रद्धालुओ भक्तजनों ने चरण पादुकाओं का पुष्प वर्षा से स्वागत करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के शिरडी से निकली श्रीसाई बाबा की यह दिव्य चरण पादुकाये छिंदवाड़ा में विवेकानंद कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम के लिए आई है। जिसका सौसर में श्री सद्गुरु साईबाबा मंदिर समिति गावडे कॉलोनी के पदाधिकारी सदस्यों के साथ ही नगरवासियों के द्वारा दर्शन करते हुए फूलों का वर्षा होकर स्वागत सत्कार किया।इस अवसर पर देवेंद्र केदार,डॉ.राजेंद्र येमदे,सतीश बोड़खे,सुभाष कलंबे,गणेश चौरे,राजा कलस्कर,राजा बोडे,प्रदीप इंगोले,प्रकाश बौराटे,अरविंद डाहाके, भगवान रुंधे,दुर्गेश सनेश्वर विनोद तायड़े,आदि थे।

## आईपीएस कॉलेज में स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर परीक्षा पूर्व विद्यार्थियों का किया गया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार आईपीएस कॉलेज छिंदवाड़ा में प्राचार्य डॉ.जैमिनी खानवे के मार्गदर्शन में डॉ.पूनम ठाकुर द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर परीक्षा पूर्व विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को परीक्षा के दबाव और तनाव को प्रबंधित करने के लिए विभिन्न तकनीकों और रणनीतियों के बारे में बताया गया। डॉ.पूनम ठाकुर ने विद्यार्थियों को स्ट्रेस मैनेजमेंट के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव और दबाव से निपटने के लिए विभिन्न तरीकों के बारे में भी बताया। सेमिनार में विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने सवालों के जवाब प्राप्त किए। कार्यक्रम के राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्री रितेश मालवीय ने डॉ.पूनम ठाकुर व सामाजिक न्याय विभाग के प्रशासनिक अधिकारी श्री पंचलाल चंद्रवंशी को धन्यवाद दिया।

## अंतिम छोर के व्यक्तियों तक जानकारी पहुंचने का कार्य करें संस्था - महापौर

### जिला स्तरीय स्वयं सेवी संस्थाओं का प्रशिक्षण का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



जन अभियान परिषद ( योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन)जिला छिंदवाड़ा के अंतर्गत समृद्धि योजना में स्वैक्षिक संगठनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के सभा कक्ष में रविवार को आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके जी , विशेष अतिथि के रूप में भरत घई अध्यक्ष जन भागीदारी समिति पी जी कॉलेज,प्रमुख वक्ता के रूप में युवा समाज सेवी अंशुल शुक्ला जी ,वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र खरे जी एवं जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन उपस्थित रहे, मंच संचालन समाज सेवी विनोद तिवारी ने किया। अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रम अहके (महापौर) ने जन अभियान परिषद की योजनाओं एवं समाज के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक पहुंच को बहुत ही हितकारी बताया साथ ही जन अभियान परिषद के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की।

महापौर ने कहा कि समाज कार्य में संलग्न सभी संस्थाओं को शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर अंतिम छोर के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की महत्वपूर्ण भूमिका है, आप लोग के द्वारा की जा रही समाज सेवा बहुत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि भरत घई ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाएं पर्यावरण, स्वास्थ्य, जल संरक्षण हेतु बहुत अच्छे प्रयास कर रही हैं, इन्हें निरंतर समाज के बीच में रहकर कार्य करने का अनुभव है, जिसका जन अभियान परिषद द्वारा समय-समय पर प्रशिक्षण देकर लोगों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से बदली राहुल की तकदीर

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सौंसर से प्राप्त किया 9 लाख का ऋण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पांढुर्णा जिले के तहसील सौंसर के निवासी श्री राहुल गाडगे की कहानी एक ऐसी प्रेरणा है, जो यह दर्शाती है कि सही दिशा, समर्पण और परिश्रम से कोई भी अपने सपनों को साकार कर सकता है। उन्होंने बी.ई. और एम.बी.ए. की शिक्षा प्राप्त करने के बाद पाँच वर्षों तक एक प्राइवेट फर्म में फाइनेंशियल सेल्स क्षेत्र में कार्य किया। हालांकि, उनके मन में हमेशा से स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने और अपने शहर में रोजगार के अवसर सृजित करने की इच्छा थी। श्री राहुल को ₹मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना₹ के बारे में जनसेवा अभियान के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई। इस योजना का लाभ उठाते हुए उन्होंने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सौंसर से 9,00,000 रुपए का ऋण प्राप्त किया और अपने हार्डवेयर व्यवसाय की आधारशिला रखी। शुरुआत में उन्होंने एक खुदरा विक्रेता के रूप में कार्य किया, लेकिन अपनी मेहनत, सूझबूझ और सही रणनीति से उन्होंने इसे एक सफल थोक व्यवसाय में परिवर्तित कर दिया।

इस योजना को सफल बनाने में सरकार और संबंधित विभाग का विशेष योगदान रहा है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की जो पहल की गई है, वह सराहनीय है। इस योजना के माध्यम से कई युवाओं को अपने व्यवसाय की नींव रखने में सहायता मिली है।

## कथा श्रवण करने मात्र से व्यक्ति की भगवान में तनमयता हो जाती है - आचार्य मृदुल कृष्ण

**छिंदवाड़ा।** स्थानीय दशहरा मैदान में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा के द्वितीय दिवस दिनांक 23 फरवरी दिन रविवार की कथा का विस्तार से व्याख्यान देते हुए परम श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी श्री मृदुल कृष्ण जी महाराज ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण



करने मात्र से व्यक्ति की भगवान में तनमयता हो जाती है। उन्होने कहा धर्म जगत में जितने भी योग, यज्ञ, तप, अनुष्ठान आदि किये जाते है उन सब का एक ही लक्ष्य होता है कि हमारी भक्ति भगवान में लगी रहे मैं अहर्निश प्रतिक्षण प्रभु प्रेम में ही समाया रहूं। संसार के प्रत्येक कण में हमें मात्र अपने प्रभु का ही दर्शन हो। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र से भक्त के हृदय में ऐसी भावनाएं समाहित हो जाते हैं और मन, वाणी और कर्म से प्रभु में लीन हो जाता है। श्री व्यास जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत के प्रारंभ में सत्य की वन्दना की गई है क्योंकि सत्य व्यापक होता है सत्य सर्वत्र होता है और सत्य की चाह सबको होती है। पिता अपने पुत्र से सत्य बोलने की अपेक्षा रखता है भाई भाई से सत्य पर चलने की चेष्टा करता है मित्र मित्र से सत्यता निभाने की कामना रखता है यहां तक की चोरी करने वाले चोर भी आपस में सत्यता बरतने की अपेक्षा रखते है, इसलिए प्रारंभ में श्रीवेदव्यास जी ने सत्य की वंदना के द्वारा मंगलाचरण किया है और भागवत कथा का विश्राम ही सत्य की वन्दना के द्वारा ही किया है।

### एक की मौत, एक नागपुर रेफर, पलटवाड़ा के समीप हुआ हादसा

## डीजे ले जा रही पिकअप ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया





शिवपुरी - रावनवाड़ा थाना अंतर्गत पलटवाड़ा पेट्रोल पंप के समीप हुआ भीषण सड़क हादसा । इस हादसे मेंडीजे साउंड ले जा रही एक पिकअप ने बाईक को जोरदार टक्कर मारी । जिससे बाईक में सवार एक की मौत हो गई । दूसरे की हालत गंभीर होने पर नागपुर रिफर किया गया है ।

मिली जानकारी के अनुसार शिवपुरी - रावनवाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के पलटवाड़ा पेट्रोल पंप के समीप अमरवाड़ा से हर्रई रोड साईं मंदिर जमुनियां की पिकअप वाहन क्रमांक MP09DG8508 डी जे साउंड लेकर पलटवाड़ा से शिवपुरी जा रहा था । शिवपुरी से डीलक्स मोटरसाइकिल वाहन क्रमांक MP28ZK5028 से आशीष धुर्वे ( 24 ) और पंकज परतेती ( 23 ) पलटवाड़ा की ओर जा रहे थे । तेज रफ्तार के साथ दोनों वाहनों की आमने - सामने से भिड़ंत हो गई । हादसे के बाद 108 को सूचना देकर बुलाया पुलिस ने आननफानन में 108 में दोनों युवकों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया वहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित किया और दूसरे युवक को नागपुर रेफर किया । पिकअप वाहन चालक फरार हो गया पुलिस जांच में जुटी है ।

### नगर में निकली कलश यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत, कथा वाचिका देवी चित्रलेखा का सौंसर में हुआ स्वागत

# अर्धनारीश्वर मंदिर परिसर में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर

अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर संस्थान में शनिवार से महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ किया गया।यह महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन 2 मार्च तक चलेगा इस दौरान प्रतिदिन मंदिर परिसर, नगर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे.मोहगाव हवेली में चल रहे महाशिवरात्रि महोत्सव पर कथावाचिका देवी चित्रलेखा के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से भगवान के विभिन्न लीलाओं का सप्ताह भर वर्णन किया जाएगा।

सौसर आगमन पर कथावाचीका देवी चित्रलेखा का नगर के श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर शिवराय संगठन के पदाधिकारी के द्वारा देवी चित्रलेखा का श्री छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक का छायाचित्र भेंट कर स्वागत सत्कार किया। मोहगाव हवेली में आगमन पर प्रख्यात



कथावाचीका देवी चित्रलेखा का मोहगाव में प्रथम आगमन परनगर पंचायत मोहगाव हवेली अध्यक्ष संदीप घटोल उपाध्यक्ष श्रीमती नीलम बांगडे,वीरेंद्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय राठी के द्वारा स्वागत किया गया। शनिवार को प्रातः 6:30 बजे महाआरती के साथ में महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ किया गया इस दौरान बड़ी संख्या महाआरती में शिव भक्तों ने पहुंच कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कलश एवं घट स्थापना, दिप प्रज्वलन, ओर धर्म ध्वज परिवर्तन कार्यक्रम संपन्न हुआ इस दौरान बड़ी संख्या में नगर में महिलाओं एवं यूवतियों के द्वारा सर पर कलश लेकर नगर में कलशयात्रा निकाली गई। नगर में निकली हुई कलश यात्रा का नगर वासियों के द्वारा जगह-जगह पर स्वागत सत्कार किया गया।

### ईश्वर के गुणगान और प्रथम श्रवण से जीवन धन्य हो जाता है: देवी चित्रलेखा

प्रथम दिन श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए प्रख्यात कथा वाचिका देवी चित्रलेखा ने भगवान अर्धनारीश्वर को नमन करते हुए कहा कि भगवान की कृपा से समय स्थान निश्चित होता है समिति के पदाधिकारी के द्वारा निरंतर 2018 से श्रीमद् भागवत कथा करने का प्रयास किया जा रहा था जो कि आज पूरा हुआ है.यह सब ईश्वर की मर्जी से हुआ होता है। मनुष्य निमित्त मात्र है।जो मनुष्य महिलाएं अपने जीवन में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करता है ईश्वर निश्चित ही उसके दुख का नाश करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य जीवन धन्य हो जाता है। प्रथम दिवस पर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भगवान महादेव एवं पार्वती के कथा से करते हुए भगवान के विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया गया।

## पीएम आवासों का निर्माण गति और गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार के साथ जनपद पंचायत परासिया में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के सभी इंजीनियर्स एवं जनपद की सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों और रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में एसडीएम परासिया श्री पुष्पेंद्र निगम एवं सीईओ जनपद पंचायत परासिया श्रीमती स्वाति सिंह भी उपस्थित थीं। इस दौरान उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों एवं रोजगार सहायकों के साथ पीएम जनमन अभियान, मनरेगा के कार्यों, पीएम आवास सहित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्यों को गति और गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के सख्त निर्देश दिए।

## नगर में पहली बार बने एक साथ 6 बालक हाफिज ऐ कुरआन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुन्नारदेव

मध्यप्रदेश शासन मदरसा बोर्ड भोपाल पंजीकृत मदरसा मोहम्मदिया में पहली बार बने एक साथ 06 बालक हाफिज ऐ कुरआन। हाफिजों के सम्मान में दस्तारबंदी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मौलाना अब्दुल करीम मदनी दिल्ली ,मौलाना अब्दुर्रहीम मुहम्मदी औरंगाबाद (महाराष्ट्र)मौलाना अब्दुल कहार सल्फी सिवनी ने सभी हाफ़िज़ों को साफा पहनकर प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर शानदार तकरीर का आयोजन हुआ। जिसमें मौलाना अब्दुल रहीम ने समाज सुधार के लिए बच्चों की तरबीयत पर अपने विचार वक्त किए । मौलाना अब्दुल कहार सल्फी ने अपनी तकरीर में कहा कि हम खुद पाक़ीज़ा बने और दूसरों को भी पाकीजा बनाएं। आगे उन्होंने कहा कि पाकीजा का अर्थ पवित्रता है, हमें अपने शरीर, मन, और आस्था में पवित्रता को सर्वोपरि रखना है। तभी हम परलोक में भी सफल हो सकेंगे। प्रोग्राम के दौरान मुख्य वक्ता मौलाना अब्दुल करीम मदनी दिल्ली ने कहा कि मदरसे इस्लाम के किले हैं इसकी हिफाजत करना हर मुसलमान पर जरूरी है। मुसलमानो को चाहिए कि मदरसों की तरक्की के लिए एक दूसरे का सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान मदरसा अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद आबिद असरी ने मदरसा मोहम्मदिया के इतिहास पर प्रकाश डला। कार्यक्रम का मंच संचालन हाफिज अबु हमजा ने किया। इस अवसर पर नगर सहित क्षेत्र के सैकड़ो गणमान्य नगरिक मदरसे के समस्त स्टाफ मुकामी और जिला जमीयत के समस्त जिम्मेदार हजरात उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में हाफिज बनाने वाले उस्ताद कारी इमरान जुल्फी, हाफिज फारूक, हाफिज साजिद को उनकी सेवाओं के

### उप संचालक डॉ.पक्षवार ने किया शासकीय माध्यमिक शाला अर्जुनवाड़ी का आकस्मिक निरीक्षण

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार द्वारा आज जिले के विकासखंड मोहखेड़ की शासकीय माध्यमिक शाला अर्जुनवाड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शाला में उपस्थिति पंजी अनुसार 05 शिक्षक व एक भृत्य है, जिसमें से 04 शिक्षक व एक भृत्य



उपस्थित पाया गया तथा एक माध्यमिक शिक्षक श्री कृष्णा शेरके 5वीं व 8वीं के वार्षिक परीक्षाओं के केन्द्र अध्यक्ष बनाये गये है, जिसकी व्यवस्था के लिये गये हुये थे। इस दौरान सर्वप्रथम कक्षा 6वीं की छात्रा कु.यशस्वी माहोरे ने 6 का पहाड़ा सुनाया एवं विकासखंड का नाम बताया एवं कक्षा 6वीं की छात्रा कु.यामिनी माहोरे ने जोड़ के सवाल सही हल किये, छात्रा कु.मयुरी धारकर द्वारा जिले के कलेक्टर का नाम बताया गया, कु.उज्वला सांगोड़े द्वारा भी अंग्रेजी अच्छी तरह से पढ़ी गई। शिक्षा का स्तर अच्छा पाया गया। अच्छी शिक्षा के लिये सभी शिक्षकों को बधाई दी गई। पहली कक्षा से लेकर 8वीं कक्षा तक 93 में से 74 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये। इस दौरान शिक्षकों के द्वारा बताया गया कि 15 छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड अपग्रेड नहीं हुये हैं, छात्र-छात्राओं के पीने के पानी के लिये नल-जल योजना के अंतर्गत पानी की टंकी बनी हुई है, जिसका निरीक्षण भी उप संचालक डॉ.पक्षवार द्वारा किया गया।

## साईं पादुका यात्रा में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

### पादुका के दर्शन करने पहुंचे हजारों भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुन्नारदेव

सच्चिदानंद सेवा समिति, छिंदवाड़ा द्वारा 23 फरवरी, रविवार को आयोजित दिव्य श्री सांई चरण पादुका यात्रा एवं संत समागम का कार्यक्रम भव्यता और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हो गया। यह आयोजन समिति की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया था, जिसमें हजारों सांई भक्तों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया।

समिति के कार्यक्रम सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि 23 फरवरी की प्रातः 10 बजे मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र सीमा स्थित बनगाँव (पांढुर्णा) में श्री नंद कुमार निमोणकर (नानासाहब निमोणकर की चौथी पीढ़ी), विद्वान आचार्य प्रवीणनाथ पान्से महाराज, शांतनु निमोणकर सहित गणमान्य अतिथियों ने पादुका यात्रा का शुभारंभ किया।

इस दिव्य यात्रा के पांढुर्णा शहर में प्रवेश पर विधायक श्री निलेश ऊईके, नगर पालिका अध्यक्ष श्री संदीप घाटोड़े, श्री उज्वल सिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लता तुड़मान, श्री जयंत घोड़े सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने पादुका यात्रा का भव्य स्वागत किया।

तत्पश्चात पीपला नारायणवार में कैलाश चौधरी,विजय चौधरी,अशोक चौधरी समेत समस्त नगरवासियों ने यात्रा पर पुष्पवर्षा कर भजन-कीर्तन के साथ स्वागत किया।

यात्रा के सौसर पहुँचने पर विधायक विजय चौरे, राजेंद्र यमदे, सुनील भांगे और स्थानीय नागरिकों ने पादुका का स्वागत किया।

सौसर में सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में चरण पादुका को सौसर स्थित श्री शिर्डी साईं मंदिर में ले जाया गया, जहाँ मंदिर समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

यात्रा के उमरानाला आगमन पर में पूर्व मंत्री नानभाऊ महोड़ और गिरीश घटकड़े समेत समस्त भक्त समुदाय ने यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

यात्रा के मार्ग पर जगह जगह भक्तों ने रंगोली, पुष्पवर्षा और भजन-कीर्तन के साथ पादुका का स्वागत किया। यात्रा के छिंदवाड़ा शहर आगमन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे,आशीष त्रिपाठी, पप्पू यादव, जय सक्सेना, मेसी राजपूत जी ने यात्रा का स्वागत किया। संध्या 4:00 बजे यात्रा श्री शिर्डी सांई मंदिर विवेकानंद कालोनी, छिंदवाड़ा पहुँची जहाँ समिति के अध्यक्ष श्री एस.वी. पुराणिक एवं सचिव श्री अवधूत मोहगाँवकर जी ने पादुका का पूजन अर्चन किया। साईं मंदिर में बाबा की पवित्र चरण पादुका के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। रात्रि 11:30 बजे तक चले दर्शन कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने बाबा की चरण पादुका के दर्शन किए ।

## गोयल परिवार के घर पधारे गुरुश्री विद्यासागर महाराज के श्री मंगल चरण

### भव्य शोभा यात्रा के साथ जैन मंदिर में की गई स्थापना

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** राष्ट्र संत श्री आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि पर समाधि स्थल डोगरगढ़ चंद्रगिरी में अष्ट धातु के 110 किलोग्राम के गुरु चरण का समता शिरोमणि पूज्य निर्यापक श्रमण श्री 108 समता सागर जी महाराज ससंघ, निर्यापक वीर सागर ससंघ, पवित्र सागर ससंघ, आगम सागर ससंघ, पुनीत सागर ससंघ व आर्यिका रत्न 105 गुरुमति माताजी ससंघ द्वारा विधि विधान से चरणों की पूजा अर्चना कर चरण प्रतिष्ठित किये गये।

इन पवित्र गुरु चरणों को वारासिवनी शहर में लाने का सौभाग्य कैलाशचंद, समीर, सागर गोयल के परिवार को मिला। इस अवसर पर गोयल परिवार और समाज में धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए।

**शनिवार को हुआ भजन संध्या व भक्तांबर पाठ का आयोजन:** इस अवसर पर 22 फरवरी शनिवार को कैलाश चंद गोयल के कटंगी मार्ग स्थित निवास स्थान में रात्रि में भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा भक्तांबर पाठ और भजनों का गायन किया गया। भजन व पाठ के दौरान महिलाएँ श्रद्धाभाव से नृत्य करती रही। इस दौरान डोंगरगढ़ से राष्ट्र संत श्री आचार्य विद्यासागर जी महाराज के अष्ट धातु के गुरु चरणों के पहुँचने पर श्रद्धालुओं में उनके दर्शनों के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने गुरु चरणों के दर्शन व पूजा अर्चना कर अपने आप को कृतार्थ किया।



**रविवार को निकाली गई भव्य शोभा यात्रा:** दूसरे दिन 23 फरवरी रविवार को श्री जी के चरणों को दिगम्बर जैन मंदिर में स्थापित करने के लिए गोयल परिवार के कटंगी मार्ग स्थित निवास स्थान से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। मुनिश्री विद्यासागर महाराज के छाया चित्र के साथ उनके श्रीचरणों को एक रथ में रखकर नगर भ्रमण के लिए निकाला गया। यह भव्य शोभा यात्रा गोयल निवास से निकल कर फव्वारा चौक, जय स्तम्भ चौक, नेहरु चौक, आंबेडकर चौक, गोलीबार चौक होते हुए दिगम्बर जैन मंदिर पहूँची। इस भव्य शोभा यात्रा में बैंड बाजे की धुन पर श्रद्धालुओं द्वारा मनमोहक नृत्यों का प्रदर्शन किया जा रहा था।

**चरण पादुका की श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पूजा अर्चना कर श्रीफल भेंट किए:** मंदिर से आए हुए मंगल कलश को शोभा यात्रा में चल रही महिलाओं ने बारी-बारी से अपने सिर पर रखकर चलने का सौभाग्य हासिल किया। इस भव्य श्रीजी चरण पादुका की शोभा यात्रा के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर अपने-अपने घर के सामने जैन समाज व अन्य समाज के श्रद्धालुओं द्वारा चरण पादुका की पूजा अर्चना की गई एवं श्रीफल भेंट किए गए। आचार्य विद्यासागर जी सभी धर्मो के संत थे। इसलिए उनके पावन चरण कमल वारासिवनी की धरा पर आकर यह नगरी धन्य हो गई है।

**मंदिर में जलाभिषेक के साथ चरण पादुका को प्रतिष्ठित किया गया:** भव्य शोभा यात्रा के साथ गुरु श्री की चरण पादुका दिगम्बर जैन मंदिर पहूँची। जहॉ पर चरण पादुका का जलाभिषेक पंडित पूनमचंद जैन ने विधि विधान के साथ श्रद्धालुओं सागर मोनू गोयल, आदेश माडल, विनीत जैन, मनु जैन, सौरभ जैन रामपायली, मुकेश माडल, लप्पू जैन, नितिन जैन सहित अन्य लोगों के हस्ते करवाया। जिसके बाद गुरुजी की चरण पादुका को पंचायती मंदिर में प्रतिष्ठित किया गया।

गोयल परिवार के मुखिया कैलाशचंद गोयल का समिति ने किया शाल श्रीफल से सम्मान

## विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल किरनापुर में आयोजित हुआ आशीर्वाद समारोह

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल किरनापुर में दिनांक 22 फरवरी दिन शनिवार को कक्षा नवम के भैया बहिनों द्वारा कक्षा दशम के बड़े भैया बहिनों हेतु आशीर्वाद समारोह विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष वर्तमान में पदेन सदस्य श्री एन आर गर्दे जी की अध्यक्षता ,विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्री राजेन्द्र हाथीमारे जी के मुख्य आतिथ्य,विद्यालय के उपाध्यक्ष श्री मुकेश गौतम जी,विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री बिरंवारे जी,विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या श्रीमती ममता बैंस ,श्रीमती सरलगिरि गोस्वामी जी के विशेष आतिथ्य में आयोजित हुआ। मा भगवती के पूजन अर्चन के पश्चात कक्षा अष्टम की बहिनों द्वारा वंदना प्रस्तुत की गई। वंदना के पश्चात सभी अतिथियों ,दशम के भैया बहिनों व आचार्य आचार्याओ का स्वागत व तिलक अभिनंदन नवम के भैया बहिनों द्वारा किया गया।



भैया बहिनों के कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों व आचार्य आचार्याओ द्वारा भैया बहिनों को आशीर्वचन प्रदान किया गया । आशीर्वचन के पश्चात नवम के भैया बहिनों द्वारा दशम के भैया बहिनों को स्मृति चिन्ह सप्रेम भेंट किया गया। दशम के भैया बहिनों द्वारा भी विद्यालय को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया । इस अवसर पर सभी आचार्य आचार्याओ का सराहनीय योगदान रहा।

### नक्सल प्रभावित ग्राम मंडवा में पहली बार आयोजित हुआ मेडिकल कैंप

## रूपझर थाना अंतर्गत मंडवा ग्राम में सीआरपीएफ 123 ने लगाया कैंप

हरिभूमि न्यूज उकवा।



जिले में पदस्थ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल नित्य अनेक प्रकार से लोगों तक लाभ पहुंचने का कार्य करती है, जो समय समय पर लोगों को अनेक प्रकार से सहायता एवं जरूरत की चीजें प्रदान करती है,इसी कड़ी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस की कमांडेंट तेजिंदर कौर के सफल निर्देशन में रूपझर थाना अंतर्गत ग्राम मंडवा कैम्प परिसर में विशाल निःशुल्क उपचार एवं दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 123 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी देवेंद्र दुबे के मुख्य आतिथ्य एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर संतोष कुमार,सामाजिक कार्यकर्ता एवं सर्वधर्म सेवा समिति उकवा के अध्यक्ष जेम्स बारीक आदि की गरिमामई उपस्थिति में किया गया ,जिसमें डॉक्टर संतोष कुमार द्वारा आस पास ग्रामों से आए लगभग दो सैकड़ा से अधिक लोगों का निःशुल्क उपचार कर,उनके रक्त ,बीपी ,शुगर आदि की जांच कर महंगी दवाइयों का वितरण किया।

इस अवसर पर उपस्थित दुतिय कमान अधिकारी दुबे ने कहा कि नक्सल प्रभावित ग्राम मंडवा में पहली बार मेडिकल केम लगाया गया है,जिसमें लोगों का उत्साह देखते बनता है,जानकारी लगने पर दूर दूर से लोग बड़े विश्वास के साथ अपनी समस्याएं लेकर आए, और हमने अपने सस्तर पर लोगों की हर समस्या के समाधान का प्रयास किया , और भविष्य में भी करते रहेंगे ताकि जनता और फोर्स के मध्य आपसी दूरियां कम हो ओर आपसी सामंजस्य बना रहे ,इसलिए हमारा प्रयास रहता है,कि समय समय पर ऐसे कैंप आयोजित कर लोगों को अच्छा स्वास्थ लाभ प्रदान कर सके,ताकि वो लोग भी समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके।

### रूद्री निर्माण में महिलाओं भक्तों ने लिया बढ़चढ़ कर हिस्सा

## श्री शिव सांई मंदिर में शिव महापुराण में भक्तों की अपार भीड़



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

श्री शिव सांई मंदिर ट्रस्ट बालाघाट मंदिर परिसर प्रांगण में नौ दिवसीय श्री शिवमहापुराण के तृतीय दिन प्रातः 8 बजे से रूद्री निर्माण में श्रद्धालु महिला भक्तों ने बढ़चढ़ रूद्री निर्माण में भाग लिया, रूद्री निर्माण पश्चात कथा व्यास पं. परिणित कृष्ण दुबे द्वारा रूद्र अभिषेक करवाया गया। मंदिर ट्रस्ट परिसर व्यासपीठ मंच के बाजू में ज्ञानशाला में पूजन मंडल निर्माण कर स्थापित किये गये 21000 रूद्राक्ष से बने रूद्राक्षेश्वर महादेव भी वहीं पर स्थापित किये गये जो कि आकर्षक का केन्द्र है। जो कि शिवपुराण के समापन पर उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तों को मंदिर ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क वितरित किया जायेगा। अभिमंत्रित रूद्राक्ष पाने हेतु व सुचारू व्यवस्था संचालन हेतु मंदिर ट्रस्ट ने रूद्राक्ष दीक्षा कार्ड बनवाया है, जिस किसी श्रद्धालु के पास रूद्राक्ष दीक्षा कार्ड होगा उन्हें ही निःशुल्क रूद्राक्ष वितरण किया जायेगा।

21 फरवरी को दोपहर 3 बजे कथा व्यास श्री परिणित कृष्ण दुबे द्वारा व्यासपीठ से श्री शिवमहापुराण का प्रवचन व्याख्या में श्रद्धालु भक्तों की अपार भीड उमड रही है। प्रतिदिन प्रातः 5 बजे मूल पाठ विद्वान पुराहित जी द्वारा किया जाता है, 8 बजे से रूद्री निर्माण व 10 बजे से अभिषेक पूजन होता है। सायं 6 बजे प्रवचन व्याख्या के बाद महाआरती व प्रसाद वितरण हो रहा है।

श्री शिव महापुराण के सफल व सुचारू संचालन हेतु शहर व आसपास के अचंलों के श्रद्धालु भक्तों से श्री शिव सांई मंदिर ट्रस्ट ने विनम्र अपील की है कि श्री शिव महापुराण मे प्रतिदिन ज्यादा ज्यादा संख्या श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित होकर भगवान शिव का भक्ति प्रसाद ग्रहण करें। मंदिर ट्रस्ट ने श्री शिव महापुराण कार्यक्रम को सफल व सुचारू संचालन में श्रद्धालु भक्तगणों अपना सहयोग तन-मन व धन से कर कार्यक्रम में अपनी व अपनो की उपस्थिति से इसे सफल बनाये। इस आयोजन को करने वाले भगवान शिव व कराने वाले भगवान शिव है।

### छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** प्रगतिशील कुनबी समाज ग्राम कोकना में श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज जन्मोत्सव जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया साथ ही छत्रपति शिवाजी महाराज की छायाचित्र और पालकी के साथ ग्राम में रैली के साथ नगर भ्रमणकर लोगों का अभिवादन रैली का आयोजन किया गया तत्पश्चात मूर्ति के समक्ष पूजन अर्चना कर छत्रपति शिवाजी महाराज के श्री चरणों में समस्त लोगों नमन किया और कार्यक्रम में सभी लोगों उपस्थित होकर अंत में भोजन प्रसाद पाकर लोग अपने घरों की ओर प्रस्थान किए।इस अवसर पर मुख्य अतिथि विशाल राउत खोंगल, परमेश्वर कूथे प्रमोद नखाते , श्याम लाल बेदरे,इंद्रकुमार राजा भुते,रामचंद्र भागड़कर, राधेश्याम नखाते , सिलहरे जी , हिमांशु बडई एवं प्रगतिशील कुनबी समाज ग्राम कोकण के वरिष्ठ नागरिक महिला पुरुष एवं समिति के सभी पदाधिकारी सदस्य की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री रामचंद्र बगड़कर जी ने शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला वहीं श्री प्रमोद नखाते ने छत्रपति शिवाजी महाराज के विषय में अवगत कराया और शिक्षा पर अलग जगाने की बात रखी वहीं श्यामलाल बेदरे ने समाज के संगठन एकता की बात कही इंद्रकुमार राजा भुते ने समाज से जुड़े लोगों से समाज में एकता और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपनी बात रखी।

**खबर संक्षेप**

## दलसागर विसर्जन स्थल में गंदगी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दलसागर तालाब के विसर्जन स्थल की सफाई नहीं की जा रही है जिसके कारण यहां पर सुबह व शाम को बैठने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। विसर्जन घाट में मिट्टी व टूटे पिल्लर पड़े हुए हैं जिसके कारण लोग परेशान हैं। नगर पालिका द्वारा दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए कुण्ड बनाया गया था। उसकी मिट्टी भी. तालाब में पड़ी है जिसकी सफाई नहीं की जा रही है। उचित देख-रेख के अभाव में विसर्जन स्थल अपना स्वरूप खोते जा रहा है, लेकिन नगर पालिका इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

## पुसेरा-जाम मार्ग से लोग हो रहे परेशान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम पुसेरा से जाम तक जाने वाली सडक़ से आना-जाना करने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस ऊबड़-खाबड़ सडक़ से धूल के गुबार उड़ रहे हैं जिसके कारण इस मार्ग से आने-जाने वाले धूल से अट जाते हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सडक़ का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन काम बहुत धीमा चल रहा है। उड़ रही धूल से परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते काम में गति नहीं आ पा रही है। क्षेत्रीयजनों ने कलेक्टर से सडक़ निर्माण जल्द से जल्द कराने की अपेक्षा जताई है ताकि परेशानी से छुटकारा मिल सके।

# शहरी क्षेत्र में चूहों का आतंक, खराब हो रही नालियां



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** खेत-खलिहान में चूहों का आतंक आम-बात है लेकिन अब शहरीय क्षेत्र में भी चूहों के आतंक से आमजन परेशान हो रहा है। घर तो घर चूहों के द्वारा शहर की सीसी नालियों में बिल खोदकर मिट्टी गिराकर नालियों को चोक किया जा रहा है, जिससे नालियों में पानी का प्रवाह सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। सबसे ज्यादा खराब हालात उन क्षेत्रों के है जो एक से डेढ़ किलोमीटर के दायरे में खेतों से लगे हुए है और नालियों से होकर चूहे वहां आसानी से पहुंच रहे है। उल्लेखनीय होगा कि चूहों के द्वारा खेतों में लगी फसल को काटकर गिराने और खलिहान में रखी फसल खाने के समाचार आये दिन सुनने को मिलते रहे है और ग्रामीण अंचल के घरों में लोग चूहों से परेशान भी रहते थे इसके अलावा शहरीय क्षेत्र में भी घरों में ही चूहों की धमाचौकड़ी सुनने और देखने को मिलती थी। सबसे अधिक चूहों का निवास खेत, खलिहान, खाली पड़े प्लाट और पुराने मकान हुआ करते थे। कच्चे मकानों में ही चूहे अधिक रहा करते थे, लेकिन वर्तमान दौर में शहरीय क्षेत्र के पक्के मकान में निवास करने वाले लोग भी चूहे के आतंक से परेशान है।

हद तो तब हो गई जब सिवनी नगरीय क्षेत्र की नालियों में मोटे-मोटे चूहों को घूमते हुए देखा जाने लगा। चूहे सीसी नालियों की दीवार काटकर नालियों के अंदर से बिल बनाकर लोगों के घरों के फर्श को काटकर उनके घरों में प्रवेश करने का रास्ता बना रहे है। चूहों का आकार भी छोटे बिल्ली के बच्चों के बराबर देखने को मिल रहा है। सिवनी नगरीय क्षेत्र के महामाया वार्ड के महाराज बाग क्षेत्र, रूपचंद नगर, पृथ्वीराज चौहान वार्ड के परतापुर रोड वाले क्षेत्र सहित शहर के अन्य इलाकों में भी चूहों के द्वारा नालियों के अंदर बिल खोदकर मिट्टी किरायी गई, जिससे नालियां जाम होने से नालियों में पानी की सही ढंग से निकासी नहीं हो पा रही।

हालात इतने बदत्तर है कि पुराने बने हुए मिट्टी की जुड़ाई वाले मकानों में तो चूहों के द्वारा फर्स तक खोलकर बिल बनाये जा रहे है और घरों के अंदर चूहों के द्वारा लोगों के उपयोग की सामग्रियों को कुतरकर बर्बाद किया जा रहा है। इतना ही नहीं दुकानों में चूहे घुसकर दुकानदारों की सामग्री को भी कुतरकर बर्बाद करने में लगे हुए है। लोगों के द्वारा चूहों को घरों से बाहर भगाने के लिए जितने भी जतन किये जा रहे है वे सब असफल ही साबित हो रहे है और दिनों दिन चूहों की सं या में वृद्धि ही होते जा रही है। चूहों की बढ़ती सं या आमजनों के लिए मुसीबत बनते जा रही है क्योंकि चूहे जहां घरेलू सामग्रियों को कुतरकर लोगों को नुकसान पहुंचा रहे है तो वहीं चूहों का शिकार करने के लिए उनके पीछे लगकर जहरीले जीव-जन्तु लोगों के घरों के अंदर तक प्रवेश कर रहे है, जिससे लोगों घरों के अंदर भी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे है। लगातार चूहों का आतंक बढ़ते ही जा रहा है।

नगर पालिका को चाहिए कि चूहों का आतंक रोकने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाने के साथ ही चूहों के द्वारा क्षतिग्रस्त की जा रही नाली का दुरूस्तीकरण तुरंत प्रारंभ कराया जाये ताकि बारिश के पहले नालियों को दुरुस्त किया जा सके और बारिश का पानी चूहों द्वारा बनाये गये बिलों से होकर लोगों के घरों में घुसने से बचाया जा सके।

# कुंभ से लौट रहे 63 वर्षीय बुजुर्ग की सिवनी में तबीयत बिगड़ने से मौत



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रयागराज कुंभ से हैदराबाद लौट रहे 63 वर्षीय बुजुर्ग की सिवनी में तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। वे हाईवे नंबर 44 पर एक ढाबे पर चाय पीने के लिए रुके थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। मृतक की पहचान हैदराबाद निवासी बृज गोपाल मालू के रूप में हुई है। वह अपने 12 परिजनों के साथ यात्रा कर रहे थे। जब वे लोग ढाबे पर चाय पीने रुके, तब बृज गोपाल की तबीयत बिगड़ गई। परिजन तुरंत उन्हें छपारा अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार ने बताया कि सभी लोग 17 फरवरी को हैदराबाद से निकले थे। कुंभ नहाने के बाद शनिवार को बनारस पहुंचे थे। वहीं पिता की मौत के सदमे से बेटे केशव मालू की भी तबीयत बिगड़ गई। उनका भी इलाज छपारा अस्पताल में चल रहा है। मृतक के शव को एंबुलेंस से हैदराबाद ले जाया जा रहा है।

# विधायक रजनीश सिंह ने क्रिकेट प्रतियोगिता में किया सहभागिता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** रविवार को केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह जी ने धनौरा में एकता स्पोर्ट्स क्लब धनौरा के तत्वावधान में ग्रामीण प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन में सम्मिलित होकर सहभागिता किया। क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन में सर्वप्रथम समिति सदस्यों के द्वारा विधायक रजनीश हरवंश सिंह जी को फूल माला एवं साफ़ा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया तत्पश्चात विधायक रजनीश हरवंश सिंह जी में क्रिकेट प्रतियोगिता में उपस्थित दर्शक बंधुओं काअभिवादन किया।तदोपरांत विधायक रजनीश हरवंश सिंह जी ने विजेता एवं उप विजेता टीम को पुरुष्कृत वितरण कर शुभकामनाएँ प्रेषित कर क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन में उपस्थित दर्शक बंधुओं को संबोधित किया। तत्पश्चात विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह जी ने धनौरा ब्लॉक के ग्राम गनेरी एवं हर्रा टोला पहुँचकर वित्तीय वर्ष 2024-25 से ग्राम के विकास कार्यों हेतु प्रदत्त विधायक विकास निधि से स्वीकृत सभा मंच निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन पर साथ ही जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष द्वय अनीक मोहम्मद खान जी, मुकेश जैन , यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तेकाम ,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष राजिक खान ,मंडलम अध्यक्ष रामकुमार नायक , कुलदीप सिंह ठाकुर जी, युवा साथी मनोज बकोड़े ,सुनील बघेल जी,सेक्टर अध्यक्ष अतरसिंह कुमरे जी समेत समस्त खेल प्रेमी दर्शक बंधुओं की उपस्थिति रही।

# पुलिस ने गुम अपहृत बालिका की दस्तयाबी कर माता पिता को सौंपा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना कान्हीवाडा द्वारा छ.ग. सीमावर्ती ग्राम से बालिका की दस्तयाबी कर परिजनों की मुस्कान लौटाई गई । पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी दिशानिर्देश नाबालिक बालक / बालिकाओं की गुम अपहृत होने के संबंध में दस्तयाबी हेतु चलायें जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के विशेष मार्गदर्शन व अति. पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) केवलारी आशीष भराडें के कुशल निर्देशन में थाना प्रभारी कान्हीवाडा ओमश्वर ठाकरे के नेतृत्व में उ.नि. बलवंत तेकाम, उ.नि. अंकिता जैन, स.उ.नि. प्रेम कुमार परतेती, आर. हिमांचल बडगैया, म. आर. संतोषी धुर्वे, म.आर. एकता शर्मा व आर. महेश ठाकरे की टीम के द्वारा अपराध क्रमांक 36/25 धारा 137(2) बी. एन. एस. की गुम अपहृत बालिका की दस्तयाबी कर उनके माता पिता और परिजनों को सुपूर्द कर उनकी मुस्कान वापस लौटाई गई। आरोपी के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश कर माननीय न्यायालय के आदेश से न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल सिवनी निरूद्ध किया गया ।

# झिंझरई हायर सेकेंडरी स्कूल में हैंडपंप खनन करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के अंतिम छोर की आदिवासी ग्राम पंचायत झिंझरई के हायर सेकेंडरी स्कूल में 400 छात्र / छात्राएं पढ़ रही हे जिनको नल जल योजना से पर्याप्त पानी नहीं मिलता है। भीषण गर्मी ओर जल संकट को देखते हुए झिंझरई निवासी समाज सेवी नारायण बैजनाथ सिंह पटेल ने जिला कलेक्टर, ,सहायक आयुक्त जनजातीय सिवनी, जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी सिवनी, जिला शिक्षा अधिकारी, ओर कार्यपालन यात्री पी एच ई सिवनी, कमिश्नर जबलपुर,मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन भोपाल ओर लोक स्वास्य यांत्रिकी मंत्री मध्यप्रदेश शासन को पत्र लिख कर निवेदन किए कि हायर सेकेंडरी स्कूल झिंझरई के खसरा नंबर 147 रखवा 0.33 हेक्टर में हैंडपंप खनन कराकर छात्र /छात्रों को पेयजल उपलब्ध करने का कष्ट करे का निवेदन समाज सेवी ने किया।

# अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कान्हीवाड़ा से डूंगरिया चावल से भरा ट्रक भोमा के समीप रविवार को सुबह सामने से आ रहे बोलेरो से होने वाली टक्कर को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुआ ट्रक सडक़ के किनारे पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कान्हीवाड़ा से डूंगरिया वेयरहाउस जा रहे ट्रक क्रमांक एमपी 18 जीए 4100 में चावल भरा हुआ था। रविवार को सुबह ट्रक जब भोमा के समीप गुजर रहा था तभी सामने से आ रहे एक बोलेरो वाहन ट्रक के सामने आ गया जहां टक्कर को टालने के चक्कर में ट्रक चालक ने ब्रेक लगाया जिसके चलते ट्रक सडक़ किनारे पलट गया। वहीं ट्रक चालक ने बताया कि बोलेरो तेज रफ्तार से व काफी अनियंत्रित होकर ट्रक की ओर आ रहा था। व ट्रक को सडक़ किनारे नहीं करते तो बोलेरो के परखच्चे उड़ जाते। ट्रक चालक को अपना ट्रक रॉन्ग साइड ले जाना पड़ा जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

# वार्षिकोत्सव एवं प्रतिमा अनावरण समारोह हुआ संपन्न

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गनेशगंज ।**

सरस्वती शिशु मंदिर गणेशगंज संस्था का वार्षिकोत्सव विगत वर्षानुसार इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें संस्था के नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभा अनुसार धार्मिक सामाजिक एवं देशभक्ति गीतों के साथ सुंदर व आकर्षित प्रस्तुति दी। वही इस शुभ अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर गणेशगंज संस्था को भूमि दान करने वाले स्व.छिद्दी सिंह, ठाकुर एवं स्व.श्रीमति कमलाबाई ठाकुर की प्रतिमा का संस्था के प्रांगण में पूरे विधिविधान के साथ अनावरण किया गया । श्री दुबे ने बताया स्व.छिद्दी सिंह, गणेशगंज ग्राम पंचायत में निर्विरोध 30 वर्ष सरपंच रहे,राजपूत समाज के निरंतर अध्यक्ष रहे ,सामाजिक धार्मिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहे, बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए सरस्वती शिशु मंदिर गणेशगंज संस्था को भूमि दान किए यही नहीं ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के विशेष कृपा पात्र शिष्य रहे जिनका मां बाला भवानी मंदिर में अत्यधिक लगाव रहा। जिंदगी जीना आसान नही होता, बिना धर्म किए आदमी महान नहीं होता। जबतक पत्थर में हथौड़ा नही पड़ता, तब तक पत्थर भगवान नहीं बनता। बीजेपी वरिष्ठ कार्यकर्ता मेहताब सिंह ठाकुर ने बताया बिजना जलाश्य (इमलिया बांध) बनाएं जाने में स्व.छिद्दी सिंह जी का विशेष सहयोग रहा जिन्होंने विमला वर्मा के सहयोग से इमलिया बांध बनवाया जिस कारण आज आस-पास लगें क्षेत्रों में खेत हरे भरे लहलहाते देखै जा सकतें हैं। इस मौके पर संकुल अध्यक्ष डॉ. रामसिंह ठाकुर,ग्राम भारती जिला अध्यक्ष चंद्रकुमार दुबे,संस्था व्यवस्थापक तुलसी सिंह ठाकुर,स्वामी विवेकानंद कॉलेज लखनादौन प्राचार्य तलवरे, ग्राम भारती जिला सचिव दुर्गा शंकर श्रीवास्तव,बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मेहताब सिंह ठाकुर, पंडित महेश तिवारी,मिश्रीलाल चौकसे,लखनादौन चमारी बंडोल सिवनी सहित अन्य क्षेत्रों से संस्था तथा राजनीति से जुड़े आगंतुक सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाएं अध्यनरत बच्चे व पालक शामिल रहे।



# युवा संधि समाजसेवी संस्था के द्वारा महाकालेश्वर धाम में होगा महाप्रसाद वितरण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला मुख्यालय से लगी बोरदई टेकरी स्थित महाकालेश्वर धाम में 26 फरवरी दिन बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला युवा संधि समाजसेवी संस्था के द्वारा दर्शन-पूजन करने आने वाले भक्तों के लिए शीतल पेयजल की व्यस्था की जायेगी, साथ ही महाप्रसाद के रूप में साबुतदाना की खीर का वितरण भी किया जायेगा। जिला युवा संधि युवा समाजसेवी संस्था द्वारा बैठक आयोजित कर निर्णय लिया गया कि विश्व शांति के लिए भगवान भोलेनाथ से संस्था द्वारा प्रार्थना की जाएगी, साथ भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन कर महा प्रसाद वितरण किया जाएगा। संस्था के राजा ठाकुर ने कहा कि जिला युवा संधि भक्तों के लिए एवं अभिषेक के लिए शुद्ध जल एवं प्याऊ का संचालन करेगी। विनोद सतनामी ने बताया कि संस्था के 25 वर्ष पूर्ण होने पर संस्था महाप्रसाद खीर का वितरण करेगी। दिलीप नेमा ने प्रशासन से अपील की है कि मेले में उचित पुलिस व्यवस्था, साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था की जाए, जिससे भगवान भोलेनाथ के भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। बैठक में संस्था के रामगोपाल चौधरी, रोहित कश्यप, धनराज यादव, आशीष मिश्रा, अमित तिवारी, नीरोत्तम साहू, मनोज ब्रह्मवंशी, सुनील सनोडिया, संदीप सोनी, करण चौरसिया आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे उक्त जानकारी संस्था के राजेश कुमार यादव ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए समस्त पदाधिकारी एवं स्वयंसेवकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# साधकों का जीवन भी समुद्र मंथन जैसा कष्ट समेटे होता है- निर्विकल्प स्वरूप

**जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर बलपुरा नगझर मे चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में कथा व्यास पूज्य पाद ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज ने बताया कि साधकों के जीवन में कष्ट आता ही है, जो भी साधना के मार्ग में चलता है पहले कष्ट आता है जैसे समुद्र मंथन जब होता है तो पहले विष निकलता है**



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** तब अमृत निकलता है पहले विष ही निकलेगा फिर अमृत निकलेगा यह संसार वैसा है इसका डट के सामना कर लो तो यह महामोह गुरु और भगवान की कृपा से दूर हो जाएगा ।साथ ही आज की कथा में पूज्य श्री ने बताया कि समुद्र मंथन के बाद अमृत कलश कि जो बूँद गिरी वहाँ कुंभ पर्व मनाया जाता है। कुंभ पर्व क्यों मनाया जाता है जब देवता और दानवों ने अमृत कलश के लिए छीना झपटी की तब चार बूंद भारत में चार तीर्थ में गिरी कौन-कौन से तीर्थो में गंगा जी में, त्रिवेणी संगम में, छिप्रा में और गोदावरी में हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन एवं त्रंबकेश्वर नासिक में चारों स्थान में यह पर्व मनाया जाता है। ताकि हमारा जीवन भी अमृत मय हो जाए, हमारे पाप नष्ट हो जाए और हम भी पुण्य आत्मा होकर अपनी उन्नति करते रहें साथ ही आज आयोजक परिवार ने बड़े धूमधाम से श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया एवं बलपुरा वासियों ने भी बड़े धूमधाम से मनाया।

# राहुल रोकड़े के सरंक्षण में इतना बढ़ गया भ्रष्टाचार की शासन प्रशासन चर्चित ठेकेदार के ऊपर कार्यवाही करने से हो गया लाचार

## 25 लाख की पुलिया 10 लाख रुपए में बनकर तैयार ,आखिर कैसे हुआ भ्रष्टाचार

**हरिभूमि लखनादौन से छब्बी लाल कमलेशिया।** सिवनी-जिले के लखनादौन जनपद पंचायत में अजीबो-गरीब हो रहे हैं निर्माण कार्य क्योंकि जब प्रशासनिक अमला सहायक यंत्री उपयंत्री ठेकेदार का सांथ देते हैं दिल खोलकर देते हैं और खूब लूटपांट मचवाते है इसका कारण भी साफ होता है कमीशन भी कम नहीं होता बस इसी बजह से निर्माण कार्यों को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया जाता है अधोसंरचना मद से निर्मित 25 लाख की लागत से बनी यह पुलिया चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट, और अधिकारियों को इसकी सुध्र तक नहीं है। और अधिकारियों की ठेकेदारों के साथ यारी ग्रामीणों पर भारी संकट में डाल रही है। लखनादौन क्षेत्र में भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है कि क्षेत्र की जनता ठेकेदारों और अधिकारियों से त्रस्त हो गई है। निर्माण कार्यों में शासन द्वारा किसी भी नियम का ध्यान नहीं रखा गया है और पुलिया निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार के कारण पुलिया में दरार आ गई है हम आपको बता दें कि पुलिया बने ज्यादा समय नहीं हुआ है। और अभी से भ्रष्टाचार के परिणाम आने शुरू हो गये है। जब इस पुलिया के सूखे समय यह हाल है। तो आप ही सोचिए बरसात के दिनों में इस पुलिया का क्या हाल होगा यह पुलिया बरसात का पानी सह पायेगी यह बह जायेगी यह तो उपयंत्री सहायक यंत्री और ठेकेदार ही बतायेंगे इस पुलिया निर्माण कार्य में और भी अनियमिताएं है जैसे पुलिया बनाने में रेत का कहीं भी उपयोग नहीं किया गया और रेत की जगह पत्थर की डस्ट का उपयोग एवं कम मात्रा में सीमेंट का उपयोग ठेकेदार द्वारा किया गया है। मटेरियल का रेश्यो भी मनमर्जी से किया गया है। निर्माण के पहले कोई सूचना पटल नहीं लगाया गया, और नाही निर्माण कार्य होने के बाद भी सूचना पटल पर निर्माण कार्य से संबंधित गोदा गादी की गई जिससे जानकारी नहीं मिलती है कि कितनी राशि और किस मद के तहत पुलिया का निर्माण कार्य हुआ। और ना कोई वाइब्रेटर चलाया गया,और पुलिया निर्माण कार्य में लीपापोती कर घटिया गुणवत्ता विहीन पुलिया बनाइ गयी है। सूत्रों की माने तो चर्चित ठेकेदार के साथ उपयंत्री राहुल रोकड़े की घनिष्ठ मित्रता है और लैन दैन भी दौनो के बीच अच्छा होता है सहायक यंत्री राहुल रोकड़े के आशीर्वाद से यह भ्रष्ट ठेकेदार लखनादौन बिधानसभा में भ्रष्टाचार का तांडव मचा रहा है हर निर्माण कार्य में जनता का खून चूसने में लगा हुआ है। आखिर कब सुधरेंगे लखनादौन जनपद पंचायत के यह भ्रष्ट अधिकारी और ठेकेदार क्या जब तक राहुल रोकड़े लखनादौन में सहायक उपयंत्री के रूप में पदस्थ रहेंगें तब तक भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर पहुंचेगा।क्या जिला पंचायत के जिम्मेदार संज्ञान लेंगे? या राहुल रोकड़े से तकनीकी कर्मचारी को भ्रष्टाचार करने की खुली छूट देते रहेंगे और तकनीकी अमले के साथ मिलकर शासन का पैसा हजम कर लिया जाता रहेगा? हम आपको बता दें कि क्षेत्र में ऐसी और भी पुलिया एवं स्नानघाट है जिनमें चर्चित ठेकेदार द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया गया है जिनकी निर्माण कार्यों की खबर परत दर परत हरिभूमि अखबार के माध्यम से आप तक पहुंचाने सिलसिला रहेगा जारी और कहां कहां इस भ्रष्ट ठेकेदार ने लगाया है पलीता हर खबर आप तक पहुंचाने में सिर्फ हरिभूमि अखबार के हर अंक को पढ़ें।





# छपारा नगर के सिंचाई विभाग कॉलोनी से पेट्रोल पंप चौराहे तक रात में फैला रहता है अंधेरा

**ग्राम पंचायत की तर्ज पर चल रही नगर परिषद की कार्य प्रणाली**

**छपारा।** नगर परिषद चुनाव के लगभग ढाई वर्ष बीतने के बाद भी नगर में ऐसी कोई उपलब्धि नहीं जिस पर नगर वासी गर्व महसूस कर सके,आज भी नगर परिषद का रवैया ग्राम पंचायत के तर्ज पर ही चल रहा है। नगर विकास के नाम पर अच्छी खासी सडको को उखाड़ कर उसी मैं नई सडक़ बनाई जा रही, वहीं नगर के कुछ वार्डों में तो पुरानी सडक़ इतनी जर्जर हालत में हैं की उनमें लोगों का चलना भी मुश्किल है। किंतु नगर परिषद के कर्णधारों को इससे कोई मतलब नहीं उनकी मनमानी का रवैया जारी है।

बताया जाता है कि नगर के गणमान्य नागरिको ने परिषद क्षेत्र अंतर्गत मांग की हैं कि सिंचाई विभाग कालोनी से लेकर जबलपुर मार्ग स्थित पेट्रोल पंप तक लगभग आधा किलोमीटर की सडक़ रात में अंधकार में डूबी रहती हैं, साथ ही रात के समय मवेशी सडक़ पर ही बैठे रहते जिससे दुर्घटना होने की आशंका हमेशा बनी रहती है, वही उक्त मार्ग पर अंधेरा होने के कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं साथ नगर के नवयुवक रात के समय मवेशी से टकरा कर अपनी जान से हाथ धो बैठा था,इसके बाद भी नगर परिषद द्वारा इस मार्ग पर प्रकाश की व्यवस्था बनाने हेतु कोई पहल नहीं की गई।

# गर्मी के सैर-सपाटे की अभी से तैयारी मनाली से लेकर रूस तक का टूर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गर्मी में घूमने की तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। लोग शिमला-मनाली से लेकर रसिया-यूरोप के टूर पैकेज बनवा रहे हैं।

गर्मी ने दस्तक दे दी है। मार्च के पहले सप्ताह से बच्चों की छुट्टियां शुरू हो जाएगी और फिर होगा गर्मी का सैर सपाटा। गर्मी में घूमने की तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। लोग शिमला-मनाली से लेकर रसिया-यूरोप के टूर पैकेज बनवा रहे हैं। ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया, गर्मी में हिल स्टेशन, बर्फीली जगहों के साथ ही वाइल्ड लाइफ सेंचुरी की ओर कूच होती है। लोग एजेंटों के पास इंक्वायरी के साथ ही पैकेज बनवाने के लिए आ रहे हैं। डोमेस्टिक टूर 10 हजार से ढाई लाख तक और इंटरनेशनल टूर 70 हजार से शुरू होकर 5 लाख तक बनता है।

**गर्मी के डोमेस्टिक डेस्टिनेशन**

दार्जिलिंग, गैंगटोक, कैलिंगपोंग, श्रीनगर, सोनमर्ग, पहलगाम, गुलमर्ग, डलहौजी, शिमला, मनाली, नैनीताल, कसौनी, ऋषिकेश, देहरादून के अलावा कान्हा नेशनल पार्क, जिम कार्बेट, पेंच का प्लान बना रहे हैं।

**इंटरनेशनल टूर के ये हैं डेस्टिनेशन**

बाकू, जार्जिया, अलमाटी, रूस, यूरोप, दुबई, आबूधाबी और बाली जैसी जगहों पर लोगों जाना पसंद कर रहे हैं।

# 108 के ईएमटी रोहित रजक ने 108 बीएलएस गाड़ी पर करवाया डिलीवरी, मां ने दिया दूसरे बच्ची को जन्म



**धूमा।** स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग अपनी स्वास्थ्य को लेकर अपनी स्वास्थ्य सुविधा दे रहा है इसी तारतम को लेकर सिवनी जिले में चलाई जा रही जननी और 108 पर ईएमटी महिला डॉक्टर हो या पुरुष डॉक्टर हो लेकिन वह भी अपनी कर्तव्यों से नहीं चुप रहे हैं ऐसा ही एक मामला सिवनी जिले के कहानी मूडापार का सामने आया है जहां पर धनोरा गई धूमा बीएलएस को एक इवेंट मिला हुआ था जो कि मूडापार से कहानी के लिए एक डिलीवरी के लिए रेफर किया गया था जिस पर धूमा 108 के ईएमटी रोहित रजक ने बताया है कि महिला को ज्यादा दिक्कत होने से मेरे द्वारा महिला की सकुशल डिलीवरी करवाई गई और दूसरी लाडली लक्ष्मी का जन्म हुआ इसके पश्चात कहानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जच्चा बच्चा दोनों को पहुंचाया गया जहां पर दोनों सकुशल स्वास्थ्य बताए जा रहे हैं

## शराब बिक्री करते पाए जाने पर लगाया जा सकता है भारी जुर्माना

# जाम में अवैध शराब की बिक्री पर लामबंद हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा अंतर्गत ग्राम जाम में गली मोहल्ले चौक चौराहा मे गैर कानूनी तरीके से बिक रही शराब की बिक्री को लेकर दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र जबलपुर द्वारा अपने बीते अंकों में खबर का प्रकाशन किया गया था और समाज में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया था, गांव गली मोहल्ले में शराब की बिक्री को लेकर जाम में जागरूकता आ गई है ग्रामीण




लामबंद हो गये है , और सर्व समाज की बैठक में शराब पर पाबंदी लगाने के लिए समिति का गठन भी कर दिया गया है जिसमें अध्यक्ष गणपत तरवरे, उपाध्यक्ष दिनेश साकुरे, मनोज सराठे कोषाअध्यक्ष सुरेश यादव, लखन नेवारे,लक्सी सहारे, सचिव. दिलीप मेश्राम, अरविंद शांडिल्य, संरक्षण समिति सत्यनारायण श्रीवास, योगेश लिल्हारे, राजीव लिल्लारे, लालचंद नगपुरे, चरण लाल मुंजारे, शालिग्राम चौहान, नंदकिशोर बिसेन, धनलाल खैरवार, सुरेश जाम रे, राजेश नगपुरे सुरेश कावरे सहित अन्य पदाधिकारीयों नियुक्त किए गए हैं।

# अंतरजातीय विवाह पर बवाल खत्म : समाज ने पीड़ित परिवार को अपनाया, थाने में सौंपा समझौता पत्र

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में अंतरजातीय विवाह को लेकर चल रहा विवाद समाप्त हो गया है। मालाधारी परिवार और समाज के बीच सुलह हो गई है। दोनों पक्षों ने कोतवाली थाने में समझौते का आवेदन दिया है।

घटना 15 फरवरी की है, जब गर्रा गांव में श्रीराम मालाधारी के बेटे विशाल का विवाह दलित समाज की युवती से हुआ था। विवाह में समाज के लोगों ने भाग नहीं लिया। इससे नाराज होकर श्रीराम मालाधारी ने पुलिस थाना, एसपी कार्यालय और मानव अधिकार आयोग में शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि समाज ने उन्हें बहिष्कृत कर दिया है।



23 फरवरी को गर्रा गांव में एक बैठक हुई। इसमें आदिवासी गोवारी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश सहारे और अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में सभी पक्षों ने आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने का निर्णय लिया।

भारतीय रविदासिया संगठन के प्रतिनिधि लालदास बारेकर ने अंतरजातीय विवाह की सराहना की। श्रीराम मालाधारी ने कहा कि समाज की बैठक में कुरीतियों को दूर करने पर चर्चा हुई। सभी ने तय किया कि अब मिलजुल कर रहेंगे और समाज में ऐसी कोई कुरीति नहीं होने देंगे।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बोदा वासियों को पहुँचाया निशुल्क लाभ



**बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत बोदा में 21 फरवरी 2025 से लगाया गया रहा है। शिविर के तीसरे दिवस ग्राम बोदा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती तनुश्री अगासे द्वारा किया गया। इस शिविर में दंत चिकित्सक डॉ आदित्य बधाई , शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष गिरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ राजेंद्र मरकाम आदि के द्वारा ग्राम बोदा के वासियों को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ पहुँचाया गया। शिविर के आयोजन में अनुश्री संस्थान की संचालक श्रीमती भावना श्रीवास्तव एवं श्री धाम वैलनेस फाउंडेशन का सहयोग रहा। शिविर में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर शिविर का भरपूर लाभ उठाया।

# पुलिस अधीक्षक बालाघाट नगेंद्र सिंह ने किया थाना लामता का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पुलिस अधीक्षक नगेंद सिंह द्वारा थाना लामता मे पुलिस नक्सल मुठभेड मे शहीद हुए पूर्व थाना प्रभारी लामता स्व श्री रक्षित शुक्ला एवं आर. श्री कोमल चौधरी को श्रद्धांजली अर्पित की । पुलिस अधीक्षक बालाघाट नगेंद्र सिंह ने 23 फरवरी को लामता थाने का वार्षिक निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली, आर्म्स एम्यूनेशन , सुरक्षा व्यवस्था उपकरणों और कर्मचारियों की कार्यकुशलता का गहन मूल्यांकन किया । पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सायंकालीन गणना मे थाने के अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना तथा आवश्यक



दिशा निर्देश दिए । पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा ने थाने के रजिस्टर, आपराधिक प्रकरणों की केश डायरी , थानों मे आने वाली शिकायतों की जांच की स्थिति आदि की समीक्षा की । सी.एम हेल्पलाइन मे आवेदक की संतुष्टि के साथ त्वरित निकाल हेतु निर्देशित किया ।

## 08 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत की तैयारियाँ जारी

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेष कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 08 मार्च शनिवार को वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय एवं सिविल न्यायालयों को मिलाकर कुल 25 खंडपीठो का गठन किया गया है। जिसमे जिला न्यायालय बालाघाट में 12 खंडपीठ, सिविल न्यायालय बैहर के लिए 03 खण्डपीठ, सिविल न्यायालय कंटगी के लिए 02 खंडपीठ, सिविल न्यायालय लांजी के लिए 01 खंडपीठ तथा सिविल न्यायालय वारासिवनी के लिए 07 खंडपीठों का गठन किया गया है।

## पाइप लाइन के वाल्व में खराबी, 6 दिन से लोग परेशान

# वार्ड 24 में पानी सप्लाई बाधित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के वार्ड 24 इंदिरा नगर में पिछले 6-7 दिनों से जलापूर्ति बाधित है। इस क्षेत्र के करीब 50-60 परिवारों को पीने के पानी के लिए आधा किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी सरिता सुखदेवे ने बताया कि नलों में पर्याप्त पानी नहीं आने से डेली कार्यों में परेशानी हो रही है। एक अन्य निवासी गोविंदराम ने कहा कि नगरपालिका को पर्याप्त दबाव के साथ पानी की आपूर्ति करनी चाहिए, ताकि सभी परिवारों को पर्याप्त पानी मिल सके।

वार्डवासी रूपचंद ने कहा कि सरकार नल-जल योजना के तहत 24 घंटे पानी देने का वादा करती है।

### पाइप लाइन में खराबी, मरम्मत के बाद आएगा पानी

नगरपालिका के जलप्रदाय प्रभारी भूमेश्वर शिव के अनुसार, वार्ड 24 के एक हिस्से में पेयजल



पाइप लाइन के वाल्व में खराबी आ गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक दो दिन में वाल्व की मरम्मत के बाद जल्द ही पर्याप्त दबाव के साथ पानी की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि यदि एक घंटे भी अच्छे दबाव से पानी मिले तो समस्या हल हो सकती है।

इस वार्ड में पानी की समस्या के अलावा अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी कमी है, जिससे निवासियों में नाराजगी है। गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले ही जलापूर्ति में आ रही यह समस्या चिंता का विषय बन गई है।

# दुबई फ़ूड एक्सपो में दुनिया के 140 देशों के साथ बिखरी बालाघाट के राइस की चमक

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट का चावल कोई साधारण चावल नहीं है, इसकी महक और ज़ायका विदेशी नागरिकों को भी खासा लालायित कर रहा है। इसी कारण अफ्रीकन और गल्फ देशों में आईआर-64 की तो डिमांड है ही, अब चावल की अन्य किस्में भी बालाघाट के किसानों को नई पहचान दिला सकती हैं। इसकी शुरुआत बालाघाट के ही कुछ राइस मिलर्स ने दुबई में 17 से 21 फरवरी तक आयोजित हुए फ़ूड एक्सपो में की है। दुबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में दुनिया भर के खाद्य पदार्थो को लेकर व्यापार जगत के दिग्गज पहुँचे थे। यहां दुनिया के 140 देशों के खाद्य पदार्थो के साथ प्रतिनिधि एकत्रित हुए थे। इसी एक्स्पो में आकाश इंडस्ट्रीज राइस मिल के श्री पलाश सोमानी बालाघाट की कुछ चुनिंदा किस्मों लेकर इस फ़ूड एक्सपो में पहुँचे थे। उनके द्वारा स्टॉल लगाया गया था। साथ ही केसर एग्रोटेक के श्री रवि वैद्य भी डायरेक्ट राइस सैलिंग की सम्भावनाये तलाशने पहुँचे थे। उन्होंने बताया कि हम अफ्रीकन व गल्फ देशों में चावल एक्स्पोर्ट कर रहें है। लेकिन अब सीधे बॉयर से कांटेक्ट कर बालाघाट के चावल का ज्यादा से ज्यादा एक्सपोर्ट कर सकें तथा विदेशों में बालाघाट के चावल की मांग का जायजा लेने पहुँचे थे।

केसर एग्रोटेक के श्री वैद्य ने बताया कि बालाघाट से भी सीधे विदेशों में चावल एक्सपोर्ट कर सकते है। अभी वे इनडायरेक्ट प्रतिवर्ष 1400 से 1500 एमटी राइस एक्सपर्ट कर रहे हैं। डायरेक्ट निर्यात करने में भुगतान समय पर नहीं होने से अभी समस्याएं है। हालांकि अब भारत शासन की ईपीसी पॉलिसी जिसमें एक सप्ताह में बैंक से एक्सपोर्टर को पैसा मिल जाता है। श्री वैद्य ने 18 से 20 फरवरी तक एक्सपो में अलसास क्षेत्र में ट्रेडर्स के साथ प्रोडक्ट डीलिंग पर चर्चाएं की। उन्होंने वहां 30 से 40 ट्रेडर्स के साथ चर्चाएं की।



## दतिया से 25 युवाओं का दल पहुँचा बालाघाट

# अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में रविवार को अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत दतिया जिले से 25 युवाओं का दल बालाघाट पहुंचा। जिनका प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बस स्टेंड स्थित धर्मशाला में जिपं अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार के मुख्य आतिथ्य एवं नपा परिषद पूर्व अध्यक्ष श्री अनिल धुवारे की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर होमगार्ड कमांडेंट श्रीमती रजनी सोनकर के मार्गदर्शन में होमगार्ड की टीम द्वारा आपदा प्रबंधन का डिमांस्ट्रेशन किया गया। वहीं अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा कौशल विकास, व्यक्तित्व विकास,



नेतृत्व क्षमता, जिले की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, रहन-सहन, खान-पान, भाषा, बोली, पहनावा, महिलाओं की स्थिति, शिक्षा का स्तर आदि से अवगत कराया गया। इसी कड़ी में जिले का भ्रमण कार्यक्रम के तहत बालाघाट जिले का ऐतिहासिक कोटेश्वर महादेव, लांजी का किला, लंजकाई मंदिर एवं हट्टा की बावली, गांगुलपारा जलाशय व जलप्रपात का भी भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन एवं नेतृत्व श्री प्रांजल अग्रवाल जिला युवा अधिकारी एवं श्री सी आर जंघेला लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक नेहरू युवा केन्द्र बालाघाट के द्वारा किया जा रहा है।

## शव परिजनों को सौंपे, कड़ी सुरक्षा में देर रात एम्बुलेंस से भेजे गए

# मारी गई 4 महिला नक्सलियों का हुआ पोस्टमॉर्टम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में कान्हा के वनक्षेत्र सूपखार के घने जंगलों में हुई मुठभेड़ में मारी गई चार महिला नक्सलियों का पोस्टमॉर्टम कर दिया गया है। शनिवार देर रात कड़ी सुरक्षा के बीच शवों को परिजनों के हवाले किया गया।

पुलिस ने पीएम की पूरी प्रक्रिया से मीडिया को दूर रखा। देर रात शवों को एम्बुलेंस और अन्य वाहनों से उनके गृह क्षेत्र के लिए रवाना कर दिया गया।

### रौंदा फारेस्ट कैंप के पास हुई थी मुठभेड़

मुठभेड़ 19 फरवरी को रौंदा फारेस्ट कैंप के पास हुई थी। इसमें



हॉकफोर्स और पुलिस बल ने चार महिला नक्सलियों को मार गिराया था। मारी गई नक्सलियों में भोरमदेव एरिया कमेटी की 20 लाख की इनामी कमांडर आशा शामिल थी। अन्य तीन 14-14 लाख की इनामी नक्सली थीं। इनमें कमेटी एसीएम रंजीता उर्फ रमली अलमी, एसीएम सरिता उर्फ शीला उर्फ पदम और एसीएम लख्खे मरावी शामिल थीं।

### 5 से 6 घंटे तक चली मुठभेड़

मुठभेड़ करीब 5 से 6 घंटे तक चली। आशा, शीला और रंजीता विस्तार दलम में 2015-16 से सक्रिय थीं। लख्खे मरावी की नक्सली दल में नई भर्ती हुई थी। मुठभेड़ में करीब 25 से 30 नक्सली शामिल थे। बाकी नक्सली जंगलों का फायदा उठाकर भाग निकले।

# फैटी लिवर: बढ़ती समस्या, जागरूकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बदलती जीवनशैली और असंतुलित खान-पान के कारण फैटी लिवर तेजी से एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनता जा रहा है। नागपुर स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के जाने माने गैस्ट्रोइंटिरोलॉजिस्ट डॉ. सागर पाटिल ने बताया की, जब लिवर में वसा (फैट) जरूरत से ज्यादा जमा हो जाती है, तो यह लिवर की कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकता है। अगर समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए, तो लिवर की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।डॉ. सागर पाटिल के अनुसार, जब लिवर में वसा की मात्रा उसकी कुल वजन के ५-१० प्रतिशत से अधिक हो जाती है, तो इसे फैटी लिवर कहा जाता है ।अत्यधिक शराब के सेवन से अल्कोहॉलिक फैटी लिवर (एएफएलडी) तथा मोटापा, टाइप-२ डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से नॉन-अल्कोहॉलिक फैटी लिवर याने एनएएफएलडी की गंभीर समस्या निर्माण होती हैं।डॉ. सागर पाटिल के कहा की, ''यह बीमारी मुख्य रूप से शराब, अस्वस्थ खान-पान, शारीरिक गतिविधि की कमी और आनुवंशिकता से भी होती है। शुरुआती चरण में इसके कोई खास लक्षण नहीं दिखते, लेकिन समय के साथ थकान और कमजोरी, पेट में दर्द या भारीपन और बिना किसी कारण वजन घटना जैसे गंभीर लक्षण सामने आ सकते हैं। यदि समय पर इलाज न किया जाए तो लिवर में सूजन, सिरोसिस, लिवर फ़ेल्यूअर जैसी गंभीर समस्याए हो सकती हैं।

## समाज को दे रहा कार्डियक एम्बुलेंस, शव रथ और मेडिकल सहायता उपकरण की सेवा

# अस्पताल में निस्वार्थ पीड़ित मानवता की सेवा कर रहा रोटरी

### *एक साल से क्लब हर रविवार अस्पताल में कर रहा भोजनदान*

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला अस्पताल में एक साल से रोटरी क्लब, लगातार पीड़ति मानवता की सेवा में जुटा है। हर रविवार को रोटरी क्लब के साथी, मरीजो के परिजनों और गरीबों को भोजनदान कर रहे है। यही नहीं बल्कि निजी क्षेत्र में कार्डियक एम्बुलेंस में हजारों रूपए खर्च होते है, वहीं क्लब, एसी कार्डियक एम्बुलेंस, न्यूनतम दर पर लोगों को उपलब्ध करवा रहा है। इसके साथ ही प्रकल्प सहायतार्थ योजना के तहत कई सालों से मेडिकल उपकरण और शव रथ की सेवा, समाज को क्लब प्रदान कर रहा है।



रविवार 23 फरवरी को रोटरी क्लब इंटरनेशनल के 120 वर्ष पूर्ण होने पर, प्रति रविवार की तरह, रोटरी क्लब सदस्यो ने अध्यक्ष अखिल वैद्य के नेतृत्व में मरीजों के परिजनों और गरीब लोगों को भोजनदान किया।

अखिल वैद्य ने बताया कि आज ही के दिन 120 वर्ष पूर्व, चार लोगों ने रोटरी क्लब इंटरनेशनल की शुरूआत की थी, जो पौधा, उस समय मानव सेवा के भाव से लगाया गया था।। आज वह वटवृक्ष बनकर, समाज को सेवा की छांव दे रहा है। रोटरी क्लब ने तरकीबन एक वर्ष पूर्व, अस्पताल में प्रति रविवार, मरीजों के परिजनों के लिए भोजनदान की शुरूआत की थी, जो अनवरत जारी है और यह सतत जारी रहेगी। रविवार को क्लब के अस्पताल में किए गए भोजनदान में अध्यक्ष रविन्द्र वैद्य, सचिव अर्चित नेता, असिस्टेंट गवर्नर अमित रंगलानी, भूपिंदरसिंघ डडियाला, सौरभ माहेश्वरी, सुकुमार जैन, रितेश अग्रवाल, जतिन अग्रवाल, अतित वैद्य, अंकित लिल्हारे, नवीन बख्शी, विकल्प जैन और बंटी मेश्राम सहित अन्य साथियों ने लोगों को भोजनदान किया।

## मिस फेयर वेल सिया ठाकरे एवं मिस्टर फेयर वेल लक्ष्य ठाकुर बने

# टिहली बाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय में अभिनंदन सह विदाई समारोह सानंद संपन्न

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

स्थानीय टिहली बाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय के कक्षा आठवीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का भव्य अभिनंदन एवं बिदाई समारोह कवि, व्यंग्यकार, साहित्यकार प्रणय श्रीवास्तव अश्क के मुख्य आतिथ्य एवं शाला प्रधान अध्यापक पंचम हनवत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 7 वीं के छात्र-छात्राओं ने शिक्षक संतोष वाल्दे के कुशल मार्गदर्शन में किया।

सर्वप्रथम विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि प्रणय श्रीवास्तव अश्क, विशेष अतिथि पी टी ए अध्यक्ष विनोद डहाटे, पी टी ए पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र सोनेकर, श्रीमती सीमा उपलपवार एवं आंचल चौधरी की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर तिलक वंदन कर पुष्प अर्पित किए गए। इसके बाद समस्त अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया गया एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।



इस अवसर पर संस्कार भारती के तत्वावधान में प्रयागराज महाकुंभ में आयोजित विविध वेशभूषा प्रदर्शन में जीजा माता की भूमिका में सीमा उपलपवार, झलकारी बाई की भूमिका में दुर्गा बर्वे, देवी अहिल्या बाई की भूमिका में आंचल चौधरी की प्रस्तुति से बालाघाट जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली मातृ शक्तियों को अंग वस्त्र, श्रीफल, पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विशेष रूप से समस्त छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रिंसी डहरवाल एवं माही चौबे छात्राओं ने शिक्षक संतोष वाल्दे के कुशल मार्गदर्शन में किया।

इस अवसर पर शाला प्रधान अध्यापक पंचम हनवत ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रकाशित काव्यमय शुभकामना संदेश वितरित किया। मुख्य अतिथि प्रणय श्रीवास्तव अश्क ने बच्चों से विभिन्न रोचक प्रश्न पूछकर परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए मन लगाकर पढने का मंत्र दिया। बालाघाट से पधारी विशेष अतिथि एवं कला साधिका सीमा उपलपवार ने जीवन का लक्ष्य सुनिश्चित करने हेतु कठिन परिश्रम करने की बात कही। प्रयागराज महाकुंभ में अपनी रंगोली कला की प्रस्तुति कर चुकी आंचल चौधरी ने सभी बच्चों को अपने भीतर छुपी कला को प्रदर्शित करने की प्रेरणा दी।

**आम सूचना**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स मॉयल लिमिटेड, सीतापटोर/सुकली खान, तहसील - तिरोड़ी, जिला-बालाघाट को ग्राम सीतापटोर में स्वीकृत खनिपट्टा क्षेत्र रकबा 43.353 हेक्टेयर खसरा क्र. 201/6, 201 / 1घ, 202 / 2क, 204 / 2. 206/1 व अन्य पर उत्पादन क्षमता 17000 मैट्रिक टन प्रतिवर्ष से 70000 मैट्रिक टन प्रतिवर्ष खनन की पर्यावरण स्वीकृति भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा गठित मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति (MP SEIAA) के पर्यावरणीय स्वीकृति दि. स्वीकृति दि. 21.02.2025 ईसी आईडेन्टीफिकेशन न. EC24B0000MP5381299N फाईल न. 10882/2023 के द्वारा प्राप्त हुई है।

पर्यावरणीय स्वीकृति का अवलोकन सीतापटोर /सुकली खान कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

भवदीय
खान प्रबंधक
मॉयल लिमिटेड,
सीतापटोर/सुकली खान
तहसील-तिरोड़ी जिला-बालाघाट (म. प्र.)